दिन—गुरूवार दिनांक— 13 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा नीट परीक्षा में एक हजार पांच सौ से अधिक छात्रों को दिए गए ग्रेस अंक को रद्द किया। सरकार ने कहा— प्रश्न पत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत की एक इमारत में हुये अग्निकांड में भारतीय मृतकों के परिजनों को दो—दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

03. रूपौली विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। मतदान दस जुलाई को।

04. और, मौसम विभाग ने पटना, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास और अरवल जिलों में भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया।

————————————————————

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा नीट परीक्षा में एक हजार पांच सौ से अधिक छात्रों को दिए गए ग्रेस अंक को रद्द कर दिया है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे उनके पास तेईस जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। एजेन्सी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि दोबारा होने वाली परीक्षा के परिणाम तीस जून तक घोषित किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने आज इस बात को दोहराया कि वह नीट—यूजी दो हजार चौबीस प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता—प्रवेश परीक्षा नीट—यूजी दो हजार चौबीस में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला है। सरकार ने परीक्षा में किसी भी तरह की गड्बडी के आरोपों से भी इनकार किया है। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और परीक्षा के संबंध में शिक्षाविदों की एक समिति भी बनाई गई है।

———बाईट———

आपको स्पष्ट करूं दियर इज नो करप्शन, पेसिफिक घटनाएं जो आएं हैं उसको सरकार गंभीरता से लिया है। जो घटना हमारे सामने आई निश्चित रूप में दोषियों को उसमें दंड दिया जाएगा। लेकिन मैं विद्यार्थियों को मुख्य

तौर पर अभिभावकों को आश्वस्त करना चाहूंगा, भारत सरकार और उसकी इन्स्ट्रूमेंट एनटीए कमिटेड है बच्चों को ट्रांसपेरेंट तरीका से न्याय देने के लिए। पेपर लीक की घटना के कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है।

————————————————————————

कांग्रेस ने नीट परीक्षा के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में नीट परीक्षा में धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषियों को कडी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए और छात्रों को उनका वर्ष बचाने के लिए क्षतिपूर्ति की जानी चाहिए। श्री खड़गे ने कहा कि सरकार के कार्य से नीट परीक्षा में शामिल हुए चौबीस लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अपना उत्तरदायित्व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर डाल कर अपनी जिम्मेदारी से बच नही सकती।

————————————————————————

कुवैत में हुई आग दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। कुवैत के दक्षिणी मनगाफ क्षेत्र में स्थित भवन में आग लगी थी जिसमें उनचास लोगों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हुए थे।

———बाईट———

कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्लाह अल यहिया और स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर अहमद अल अवाजी ने घायलों का हालचाल पूछा। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सरकार घायलों को अधिकतम स्वास्थ्य संबंधी सेवा उपलब्ध करा रही है। इस बीच, प्रवासी केरल भारतीयों के मामलों से सम्बद्ध संस्थान नॉरका—रूटस ने दुर्घटना के पीडितों के लिए विशेष सहायता डैस्क स्थापित किया है। जिसके टोल फ्री नम्बर चौबीस घंटे उपलब्ध हैं। भारतीय यह जानकारी फोन नम्बर 1800— 425 3939 और विदेशों से + 91— 8802 012 345 से मिस्ड कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। तमिल प्रवासी पुनर्वास और कल्याण कमीशन के हैल्पलाइन नम्बर हैं + 91 1800 309 3793, + 9180 6900 9900, +9180 6900 9901. दुबई से विनोद कुमार की रिपोर्ट के साथ स्पर्श।

————————————————————————

इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री मोदी ने मृतको के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने इस हादसे में मारे गये भारतीय नागरिकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो—दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की। इस बीच, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भी इस घटना को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया है। राज्यपाल ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक—संवेदना प्रकट करने के साथ ही घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने अगले पांच वर्ष में देश के रक्षा निर्यात को बढाकर पचास हजार करोड़ रूपये तक करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मंत्रालय

का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि देश की रक्षा और सुरक्षाबलों का कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत विकसित करने की इच्छुक है।

———बाईट———

हमारी सेना का मनोबल पहले भी ऊंचा रहा है और आगे भी ऊंचा बना रहे। हमारा प्रयत्न यही होगा क्योंकि जिस शौर्य और पराक्रम का समय आने पर हमारी सेना ने परिचय दिया है और हमारी तीनों सर्विसिज चाहे वो इंडियन आर्मी हो, चाहे वो इंडियन नेवी हो चाहे इंडियन एयर फोर्स उसकी जितनी भी सराहना की जाए वो कम है और मैं कहना चाहता हूं अपने तीनों सर्विसिज की सेना पर मुझे गर्व है।

———————————————————————————

रूपौली विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी की जायेगी। इक्कीस जून तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की गयी है। मतदान दस जुलाई को होगा जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी। गौरतलब है कि जदयू विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यहां उप चुनाव कराया जा रहा है।

———————————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की पंचायतों में उपचुनाव के लिए सभी अड़तीस जिलों के जिलाधिकारियों से रिक्त पदों की सूची मांगी है। आयोग ने सभी जिलाधिकारियों को पच्चीस जून तक रिक्त पदों की सूची संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भागलपुर के सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय कृषि संगोष्ठि का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू नेपाल के प्रोफेसर राजनरायन यादव को लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुये राज्यपाल ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय को क्लास रूम से नहीं चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को खेतों में ले जाकर कृषि की आधुनिक तकनीक के बारे में बताया जाना चाहिए। श्री आर्लेकर ने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए छात्र—छात्राओं से कहा कि हम सिर्फ डिग्री लेकर नौकरी मांगने वाले नहीं बने बल्कि नौकरी देने वाले बने। वर्चुअल माध्यम से संगोष्ठि को संबोधित करते हुये कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज बिहार लगातार कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

———————————————————————————

वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के केन्द्रीय बजट पेश करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कल वित्तमंत्री का कार्यभार संभाला और बजट के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने पटना, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास और अरवल जिलों में भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, बांका, समस्तीपुर, जमुई और गया समेत नौ जिलों में कुछ स्थानों पर लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के पूर्वी भागों के कुछ स्थानों पर गजर के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, अररिया जिले में आज हुई मॉनसून पूर्व बारिश से लोगों की उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए पटना–मैंगलूरू सेंट्रल और वापी–दानापुर के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन करेगा। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना–मैंगलूरू स्पेशल ट्रेन पंद्रह, बाईस और उनतीस जून को रात साढ़े दस बजे पटना से रवाना होगी। वहीं, वापी–दानापुर विशेष ट्रेन चौदह जून से तेरह जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को रात दस बजे वापी से प्रस्थान करेगी।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले में आज एईएस के तीन नये मरीज मिले हैं। पीड़ित बच्चों का इलाज एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर में किया जा रहा है। गौरतलब है कि अब कुल उनतीस बच्चों का इलाज किया जा रहा है। जिसमें मुजफ्फरपुर जिले से सोलह मरीज हैं। वहीं, अन्य मरीज पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली और गोपालगंज जिले से हैं।

———————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में गैरहाजिर रहने वाले छात्र–छात्राओं का नाम अब नहीं काटा जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिये हैं। इसके अनुसार लगातार

तीन दिनों तक किसी विद्यार्थी के स्कूल नहीं आने की स्थिति में शिक्षकों द्वारा बच्चे के अभिभावक से संपर्क कर उसे स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। साथ ही इन विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में बढ़ोतरी के लिए जीविका दीदी के साथ ही मुखिया, सरपंच और पंचों की मदद लेने की बात भी कही गयी है।

———————————————————————

पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को रंगदारी मामले में कोर्ट से जमानत मिल गई है। गौरतलब है कि पूर्णिया के फर्नीचर व्यवसाई राजा भगत ने पप्पू यादव पर रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया था।

———————————————————————

जहानाबाद जिले के रहने वाले दस वर्षीय विक्रम राज का चयन राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विक्रम कल से ओडिशा के कटक में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट संघ के द्वारा बरौनी के आरकेसी मैदान पर आयोजित मिथिला जोन का मैच सुपौल और दरभंगा के बीच खेला गया। मैच में सुपौल ने दरभंगा को बाईस रनों से हरा दिया। वहीं, दूसरे मैच में शिवहर ने सीतामढ़ी को एक सौ सोलह रनों से हराया।

———————————————————————

नवादा साईबर थाना की पुलिस ने ऑन लाईन मार्केटिंग कम्पनी के नाम पर ठगी करने वाले दस साइबर अपराधियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से तैंतीस मोबाइल, तीन लैपटॉप, पचास एटीएम कार्ड, चालीस पासबुक, पच्चीस चेक बुक और अस्सी सिम कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

———————————————————————

मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के धनौजा गांव के तालाब में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के खांईड दियारा में अपराधियों ने एक मछली कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

मधेपुरा जिले में अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। जिले के उदाकिशुनगंज में हाइवा और मोटरसाईकिल की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं, पुरैनी और ग्वालपाड़ा में हुई सड़क दुर्घटना में एक–एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा नीट परीक्षा में एक हजार पांच सौ से अधिक छात्रों को दिए गए ग्रेस अंक को रद्द किया। सरकार ने कहा– प्रश्न पत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत की एक इमारत में हुये अग्निकांड में भारतीय मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

03. रूपौली विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। मतदान दस जुलाई को।

04. और, मौसम विभाग ने पटना, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास और अरवल जिलों में भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।